# अनुशासन पर भाजपा सख्त

- आज प्रदेश कार्यालय में तीन नेता होंगे पेश



**भोपाल, 16 मई. मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने अनुशासनहीनता और फिजूलखर्ची के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए नेताओं पर कार्रवाई तेज कर दी है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत और सादगी की अपील के बावजूद वाहन रैलियां निकालने वाले नेताओं से अब जवाब तलब किया जा रहा है.**

अब तक की कार्रवाई में भिंड किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सज्जन यादव को पद से हटा दिया गया है. वहीं मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह से वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार वापस ले लिए गए हैं.

इसी क्रम में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने तीन और नेताओं को रविवार को भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में तलब किया है. इनमें पवन पाटीदार, रेखा यादव और वीरेंद्र गोयल शामिल हैं. आरोप है कि इन नेताओं ने अलग-अलग कार्यक्रमों में बड़े वाहन काफिलों के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया, जो पार्टी की सादगी और ईंधन बचत की नीति के खिलाफ माना गया.

सूत्रों के मुताबिक संगठन ने साफ संकेत दिए हैं कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित नेताओं को पद से हटाने जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है. भाजपा नेतृत्व इस पूरे मामले को अनुशासन और जनसंदेश से जोड़कर देख रहा है.

### एसी स्लीपर बस में लगी आग 4 साल का मासूम जिंदा जला

**मक्सी.** मक्सी से करीब 8 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 52 होटल जैन पथ पर तराना थाना अंतर्गत शुक्रवार रात को तकरीबन 12 बजे एक दिल दहला देने वाला भयावह हादसा हो गया. इंदौर से ग्वालियर जा रही इंटरसिटी एसी स्लीपर बस एमपी 07 जेड एल 9090 में जानकारी अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई, हादसे में शिवपुरी निवासी अभिषेक जैन का 4 वर्षीय मासूम बेटा जिंदा जल गया. यात्रियों के मुताबिक बस में से वायरिंग जलने की बदबू आ रही थी, बस में सवार यात्रियों ने इसकी शिकायत बस चालक से भी की थी, लेकिन उसने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया. रात करीब 12 बजे बस होटल जैन पथ पर रुकी. कुछ यात्री बस में बैठे हुए थे, जबकि कई नाश्ता एवं भोजन करने के लिए चले गए थे.

# फोरलेन कंपनी अफसर अपहरण केस में 4 गिरफ्तार

- सटई के जंगलों से सुपरवाइजर सुरक्षित मुक्त
- फिरौती के 10 लाख रुपए बैंक खाते में ही फ्रीज

## पुलिस ने बदमाशों से निकालवाया जुलूस



**छतरपुर, 16 मई. जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोराहा से दिनदहाड़े सड़क निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर का अपहरण करने वाले चार शातिर बदमाशों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सटई के जंगलों से पीड़ित को सुरक्षित मुक्त करा लिया है. यही नहीं, कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का शहर के कोतवाली थाने से महल तक पैदल जुलूस भी निकाला.**

कोतवाली टीआई सतीश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बदमाशों ने वारदात के बाद पीड़ित के परिजनों से 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी. डर के मारे परिजनों ने राशि बदमाशों के बैंक खाते में ट्रांसफर भी कर दी थी, लेकिन पुलिस ने साइबर सेल की मदद से खाते को तत्काल होल्ड (फ्रीज) करा दिया, जिससे रकम बदमाशों के हाथ नहीं लग सकी. घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी रजत सकलेचा और एएसपी आदित्य पटले के निर्देश पर विशेष टीमें गठित की गईं. सीएसपी अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस ने रातभर जंगलों में सर्चिंग अभियान चलाया. पुलिस का दबाव बढ़ता देख बदमाश पीड़ित को सटई के जंगलों में छोड़कर भागने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया. यह हुए गिरफ्तार भान सिंह, विशाल यादव, विकास यादव और अंकित यादव.

**क्या था पूरा मामला?**

मोरवा गांव में सड़क निर्माण के लिए मिट्टी उपलब्ध कराने वाली एमकेसी (स्ब्यष्ट) कंपनी का कार्यालय है. घटना के दिन बोलेरो सवार बदमाश कार्यालय में घुसे और सुपरवाइजर राम खिलाड़ी शर्मा के साथ मारपीट कर उन्हें जबरन गाड़ी में डालकर अगवा कर ले गए थे. कंपनी के मैनेजर संजय सोढ़ी की सूचना पर पुलिस ने यह त्वरित कार्रवाई की.

### एक नजर में



### दो साल की बच्ची की तलाश में जुटी की पुलिस

सिंगरौली. जिले के बैढ़न कोतवाली थाना क्षेत्र से दो वर्षीय बच्ची के लापता होने का मामला सामने आया है. पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार ग्राम नगोरा चटनिया टोला निवासी अर्जुन सिंह की पुत्री मनीषा सिंह शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात लगभग 12:30 बजे बस स्टैंड बैढ़न क्षेत्र से लापता हो गई. बच्ची की उम्र लगभग 2 वर्ष बताई गई है. हुलिये के अनुसार रंग गोरा, कद करीब 2 फीट, आसमानी रंग की फूल टी-शर्ट एवं सफेद रंग का हाफ चड्डा पहनी हुई थी. बस स्टैंड बैढ़न में जब अर्द्धरात्रि को पिता की नींद खुली तो उसकी पुत्री गायब थी. आसपास बस स्टैंड में पता-तलाश किया, लेकिन कहीं भी बच्ची नजर नही आई. कुछ लोगों ने सलाह दिया कि बगल में कोतवाली थाना है, जाकर वहां शिकायत कर दो. पीड़ित के अनुसार औड़ी मोड़ से वह आया था, साथ में एक व्यक्ति भी था.

### तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से मासूम की मौत

सिंगरौली. सरई थाना क्षेत्र के बरका चौकी क्षेत्र अंतर्गत पीपरखाड़-भलुगढ़ मार्ग पर आज शनिवार की सुबह लगभग 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई. बोलेरो वाहन के चालक से मासूम बालक टकरा गया. हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया. जानकारी के अनुसार सचिन साकेत पिता प्रजापति साकेत उम्र लगभग 3 वर्ष निवासी पीपरखाड़ जो सड़क किनारे मौजूद था. तभी तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चला रहे बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडएच 0441 के चालक शुभम गुप्ता पिता बिहारीलाल ने बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयावह थी कि मासूम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पता रहा. घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए सरई शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.



# उप मुख्यमंत्री ने रानी तालाब परिसर का किया भ्रमण

- झलबदरी तालाब का राजेन्द्र शुक्ल ने भी किया अवलोकन

**रीवा, 16 मई. मध्य प्रदेश के उप- मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को रानी तालाब परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**


भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने माँ कालिका के दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की. उन्होंने कहा कि धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण तथा बेहतर रखरखाव सरकार की प्राथमिकता है.

इसके बाद उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने झलबदरी तालाब का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. उन्होंने अधिकारियों को तालाब परिसर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर अक्षत जैन सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे. निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों को लेकर अपनी अपेक्षाएं भी उप मुख्यमंत्री के सामने रखीं.

# दीवार कूद रहे किशोर के जबड़े से आर-पार सरिया

## रहवासियों और डॉक्टर की सूझबूझ ने बचाई जान

**खरगोन, 16 मई. बड़वाह के जयंती माता रोड पर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया.यहां खेल-खेल में सीआईएसएफ परिसर की बाउंड्रीवाल फांद रहे किशोर के जबड़े से लोहे का सरिया आर-पार निकल गया. गंभीर हादसा देखते ही रहवासियों ने तत्परता दिखाई और तुरंत किशोर को अस्पताल रवाना किया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रैफर कर दिया.**



जानकारी अनुसार टैटू पिता बलराम (17) निवासी जयंती माता रोड, बड़वाह मोहल्ले के दोस्तों के साथ खेल रहा था. इसी दौरान साथियों ने उसकी चप्पल सीआईएसएफ बाउंड्रीवाल के दूसरी तरफ फेंक दी. टैटू अपनी चप्पल लेने के लिए जैसे ही बाउंड्रीवाल लांघने लगा, अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और दीवार पर लगा नुकीला सरिया उसकी गर्दन के ऊपरी हिस्से (जबड़े) को चीरता हुआ आर-पार हो गया. यह खौफनाक मंजर देख साथ खेल रहे बच्चों के होश उड़ गए. उन्होंने तुरंत शोर मचाकर परिजन और आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया. लोगों ने समझदारी दिखाई और किशोर के गले से जबरन सरिया खींचने की कोशिश नहीं की बल्कि तुरंत कटर मशीन का इंतजाम किया.

आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दीवार से सरिए को काटा गया. जबड़े में फंसे सरिए के टुकड़े के साथ ही टैटू को तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे इंदौर रैफर कर दिया. इंदौर के अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम ने आपरेशन कर जबड़े में फंसे सरिए को निकाला. डॉक्टरों के मुताबिक अब किशोर की हालत खतरे से बाहर है.

### जहरीली दवा पीने से युवक की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**रतलाम।** थाना रावटी क्षेत्र के ग्राम निचापाड़ा गडावदिया निवासी 22 वर्षीय युवक की जहरीली दवा पीने से उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राहुल पिता ईश्वर चारेल (22) निवासी ग्राम निचापाड़ा गडावदिया को जहरीला पदार्थ सेवन करने के बाद उपचार के लिए जीएमसी रतलाम में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 15 मई 2026 को सुबह करीब 9 बजे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर थाना रावटी पुलिस ने मर्ग क्रमांक 31/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया। जांच अधिकारी सउनि पारसिंग वसुनिया मामले की जांच कर रहे हैं।

# वक्फ भूमि से इंदौर रोड तक लगातार तीसरे दिन गरजा बुलडोजर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा, 16 मई. शहर में यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और अवैध कब्जों को हटाने के नाम पर शुरू हुआ प्रशासन का बुलडोजर अभियान अब एक बड़े विवाद और आक्रोश में तब्दील होता नजर आ रहा है.**

शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी नगर निगम और प्रशासनिक अमले ने भारी पुलिस बल के साथ नेहरू स्कूल के सामने शाहबाज खान कब्रिस्तान की वक्फ भूमि, जसवाड़ी रोड (माता चौक) और इंदौर रोड स्थित आरटीओ ऑफिस के आसपास ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए गुमठियों और अस्थायी कब्जों को ध्वस्त कर दिया. पिछले दो दिनों में शिवाजी चौक, सिंधी कॉलोनी, लाल चौकी, खानशाहवली और बड़ा बम क्षेत्र में भी ऐसी ही कार्रवाई देखी गई, जिससे छोटे दुकानदारों में हडक़ंप मचा हुआ है. लेकिन, जैसे-जैसे बुलडोजर की रफ्तार बढ़ रही है.

**शहर को सुंदर बनाना एकमात्र उद्देश्य**

विधायक जी से हुई मुलाकात महज एक औपचारिक भेंट थी, इसका अतिक्रमण विरोधी अभियान से कोई सीधा संबंध नहीं है. प्रशासन की इस मुहिम का एकमात्र उद्देश्य शहर की सडक़ों को चौड़ा करना, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और खंडवा को सुंदर बनाना है. किसी भी वैध या गरीब व्यापारी को परेशान करना हमारा मकसद नहीं है.

– **बजरंग बहादुर**, सिटी मजिस्ट्रेट, खंडवा

# सायबर इनपुट से दबोचे इनामी-फरार आरोपी

- मुंबई से पकड़ा गया करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोपी
- आबकारी एक्ट का इनामी बदमाश भी गिरफ्त में

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम। जिले में फरार एवं इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में साइबर सेल एवं जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे तीन वांछित एवं इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मुखबिर सूचना, तकनीकी विश्लेषण एवं साइबर इनपुट के आधार पर पिछले एक सप्ताह के दौरान यह कार्रवाई की।

पहले मामले में थाना सैलाना के अपराध क्रमांक 380/2024 धारा 318 बीएनएस में फरार चल रहे आरोपी पुष्कर सिंह पिता प्रबलसिंह चौधरी निवासी फतेहपुर सीकरी, उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया।

दूसरी कार्रवाई में थाना स्टेशन रोड रतलाम के अपराध क्रमांक 70/2021 धारा 420, 409 भादवि एवं मध्यप्रदेश निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 के तहत दर्ज मामले में लगभग छह वर्षों से फरार आरोपी रूपेश गंधारे पिता रामभाऊ गंधारे निवासी नवी मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, हिम्मत सिंह, आरक्षक विपुल भावसार, मयंक व्यास, राहुल पाटीदार, मोरसिंह एवं तुषार सिसोदिया की सराहनीय भूमिका रही।

# मंदिर भंडार से पहले दिन 11 .30 करोड़ रुपए निकले

**नीमच, 16 मई. मालवा - मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में शुक्रवार से मासिक मेले की शुरुआत हो गई. मेले के पहले दिन भगवान सांवलियाजी का भंडार खोला गया, जिसमें पहले दिन ही 11 करोड़ 30 लाख रुपए की गिनती की गई. यह राशि बैंकों में जमा कराई गई है.**

राजभोग आरती के बाद श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच मंदिर मंडल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रभा गौतम, मंदिर मंडल के सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारी प्रथम शिव शंकर पारीक की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के बीच भंडार खोला गया. भंडार खुलते ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे माहौल में भक्ति का रंग देखने को मिला.

भंडार खुलने के बाद मंदिर प्रशासन की ओर से नकदी की गिनती शुरू की गई. पहले दिन करोड़ों रुपए की गणना पूरी होने के बाद रकम को अलग-अलग बैंकों में जमा कराया गया. इसके साथ ही नोटों के बीच आए सोना और चांदी को अलग करने का काम भी किया गया.

हालांकि अभी नोटों और चिल्लर की पूरी गिनती बाकी है. मंदिर प्रशासन के अनुसार भंडार से निकले सोना और चांदी का वजन भी अभी किया जाना बाकी है. इसके अलावा मंदिर कार्यालय और भेंट कक्ष में श्रद्धालुओं द्वारा नकद, मनीऑर्डर और अन्य माध्यमों से दी गई भेंट की गिनती और रिकॉर्ड तैयार करने का काम भी जारी है. पूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल राशि और सोना-चांदी का अंतिम आंकड़ा सामने आएगा. सांवलियाजी मंदिर में हर महीने भंडार खोला जाता है और इसमें बड़ी मात्रा में नकदी और कीमती भेंट निकलती है. भगवान सांवलियाजी में लोगों की गहरी आस्था है और राजस्थान सहित देश के कई राज्यों से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं. मासिक मेले के दौरान मंदिर में भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ रही है.



# एमपीपीएससी : ग्वालियर के तीन केन्द्रों पर 1277 छात्र होंगे शामिल

- जूते-मोजे पहनकर प्रवेश नहीं, केवल चप्पल-सैंडल की अनुमति

**ग्वालियर, 16 मई. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक कुल सचिव परीक्षा-2025 का आयोजन आज किया जाएगा. ग्वालियर शहर में तीन परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1277 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे. परीक्षा एक सत्र में दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगी.**

नोडल अधिकारी एवं परीक्षा प्रभारी संयुक्त कलेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 10:30 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा. उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर जूते एवं मोजे पहनकर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. अभ्यर्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही प्रवेश कर सकेंगे. मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बेल्ट, बालों में लगाने वाले क्लचर, बक्कल और हाथ के बैंड सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना वर्जित रहेगा.

**त्रि-स्तरीय जांच से गुजरेंगे अभ्यर्थी**

परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया अपनाई जाएगी. पहले चरण में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण होगा. दूसरे चरण में प्रवेश परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीव्ही कैमरों से निगरानी की जाएगी. कलेक्टर कार्यालय में डिजिटल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां से परीक्षा गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी.

**कंट्रोल रूम स्थापित**

परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीव्ही कैमरों से निगरानी की जाएगी. कलेक्टर कार्यालय में डिजिटल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां से परीक्षा गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी. परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्ट्रेट ग्वालियर के कक्ष क्रमांक-113 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. यह कंट्रोल रूम 17 मई को प्रात: 8 बजे से परीक्षा समाप्ति तक लगातार कार्यशील रहेगा.

# फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भिंड, 16 मई. सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, प्रिंटर, फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों की जानकारी जुटा रही है.**

पुलिस के अनुसार एक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उससे ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर 2500 रुपये लिए गए और उसे फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर दे दिया गया. जब फरियादी ने आरटीओ कार्यालय में जानकारी ली तो लाइसेंस फर्जी पाया गया. शिकायत के आधार पर थाना सिटी कोतवाली भिंड में मामला दर्ज किया गया.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

- विंध्यनगर थाना क्षेत्र के जयंत चौकी का मामला
- लंबे समय से फरार को पुलिस ने दबोचा

**सिंगरौली, 16 मई. शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने आखिरकार बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को पुलिस टीम गिरफ्तार कर सिंगरौली लेकर पहुंची है. मामला थाना विंध्यनगर अंतर्गत पुलिस चौकी जयंत क्षेत्र का बताया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार जैतपुर निवासी संतलाल साहू पिता भरत लाल साहू के खिलाफ युवती ने शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में वादा पूरा नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई थी. मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. शिकायत के बाद से आरोपी क्षेत्र छोड़कर फरार हो गया था, जिसके चलते पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी. पुलिस की तकनीकी जांच और मुखबिर तंत्र से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की लोकेशन बेंगलुरु में मिली. इसके बाद विशेष टीम गठित कर बेंगलुरु भेजी गई, जहां दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया.

**अनुरोध** इस युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं उज्वल भविष्य के अवसर प्रदान करेगी

# दमोह में सैनिक स्कूल की रक्षा मंत्री से की मांग

- राज्यमंत्री लखन पटेल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात

**दमोह, 16 मई. जिले के पथरिया विधानसभा क्षेत्र में सैनिक स्कूल खोलने की मांग अब केंद्र तक पहुंच गई है. नई दिल्ली में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र में सैनिक स्कूल की स्थापना का अनुरोध किया.**



राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने की पहल युवाओं के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा, अनुशासन और सैन्य प्रशिक्षण जैसे अवसर उपलब्ध कराने के लिए पथरिया में सैनिक स्कूल की जरूरत है. उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं होता, बल्कि यह युवाओं में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की भावना भी विकसित करता है.

पथरिया में स्कूल खुलने से दमोह और आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा. साथ ही क्षेत्र में रोजगार और विकास को भी नई गति मिलेगी. राज्यमंत्री ने कहा कि यह पहल नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' संकल्प को मजबूत करेगी. उन्होंने रक्षा मंत्री द्वारा दिए गए समय और मार्गदर्शन के लिए आभार भी व्यक्त किया.

# मुंबई से पकड़ाया करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोपी

**रतलाम.** जिले में फरार एवं इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में साइबर सेल एवं जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे तीन वांछित एवं इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मुखबिर सूचना, तकनीकी विश्लेषण एवं साइबर इनपुट के आधार पर पिछले एक सप्ताह के दौरान यह कार्रवाई की.